अग्रवाल कॉलेज में संस्कृत प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 21.10.2026 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में संस्कृत साहित्य परिषद, संस्कृत विभाग और सांस्कृतिक गतिविधि के अंतर्गत संस्कृत प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष (गवर्निंग बॉडी) श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज के महासचिव (गर्वनिंग बॉडी) एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता की सदप्रेरणा से एवं अग्रवाल कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० सीo एसo वशिष्ठ के मार्गदर्शन में कॉलेज में समय-समय पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। ये मंच छात्रों को सामुदायिक सक्रियता में भाग लेने और मानवतावादी दृष्टिकोणों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है ।इसी उदेश्य को ध्यान में रखते हुए आज संस्कृत प्रतिभा खोज में श्लोकोच्चारण, संस्कृत भाषण गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी जोनल युवा महोत्सव में संस्कृत की दो प्रतियोगिताओं हेतु प्रतिभागियों का चयन करना था ।श्लोकोच्चारण में एमबीए द्वितीय वर्ष से राखी ने बाजी मारी, वहीं संस्कृत भाषण में बी. ए. तृतीय वर्ष से पूजा अव्वल रहीं। डॉ० सुप्रिया ढांडा ने विद्यार्थियों को जीवन में किताबी ज्ञान के साथ साथ व्यावहारिक और चारित्रिक विकास पर बल देते हुए सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए उत्साहित किया । डॉ० पूजा सैनी ने सभी का धन्यवाद किया ।